आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 02.04.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार का उद्देश्य जनता को सुशासन और पारदर्शी प्रशासन प्रदान करना है।
- नवनियुक्त मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागों को बजट प्रावधान के अनुरूप राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए।
- दूषित कुट्टू के आटे के सेवन से अस्पतालों में भर्ती मरीजों के प्रकरण की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया।
- और... वनाग्नि सुरक्षा के मद्देनजर जंगलों को आग से बचाने के लिए अल्मोड़ा में ओण दिवस का आयोजन किया गया।

सीएम ऑन सुशासन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य जनता को सुशासन और पारदर्शी प्रशासन प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जनहित से जुड़ी योजनाओं और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योग्य और अनुभवी महानुभावों को विभिन्न विभागीय दायित्व सौंपे जाने पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में विकास की गति तेज होगी तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण संभव होगा।

श्री धामी ने कहा कि जिन महानुभावों को दायित्व सौंपे गए हैं, वे अपने अनुभव और कार्यक्षमता के माध्यम से जनसेवा के इस दायित्व को निभाएंगे तथा राज्य की प्रगति में योगदान देंगे। उन्होंने सभी नव–नियुक्त दायित्वधारकों को शुभकामनाएँ दीं और अपेक्षा व्यक्त की कि वे उत्तराखंड के समग्र विकास में अपना योगदान देंगे।

नवनियुक्त मुख्य सचिव

नवनियुक्त मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागों को बजट प्रावधान के अनुरूप राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए। देहरादून में आयोजित सचिव समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने पूंजीगत मद पर व्यय बढ़ाने के लिए

प्रयास के साथ ही विभागों को अपनी वार्षिक कार्य योजना पहले से ही तैयार करने तथा प्रत्येक माह का लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया।

इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्यय, लक्ष्यों की प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा की। श्री बर्द्धन ने विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभाग आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्ताव पहले से तैयार रखे।

बैठक में चारधाम यात्रा मार्ग की पुख्ता व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी यात्रा सीजन के दृष्टिगत सभी विभागों को अभी से अपनी तैयारियां समयबद्धता से पूरी करनी हैं। उन्होंने यात्रा मार्ग पर सभी जरूरतों का अभी से आंकलन करते हुए सभी व्यवस्थाएं यात्रा आरम्भ से पहले दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

कुट्टू का आटा

राजधानी देहरादून में नवरात्रि के दौरान कुट्टू का आटा खाने से बीमार हुए 3 सौ 50 से ज्यादा लोगों की तबीयत अब बेहतर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्यादातर लोगों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। इस मामले में जिला प्रशासन, खाद्य विभाग और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई दुकानों को सील किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही छापेमारी कर 30 दुकानों को सील कर दिया गया और दुकानों में मौजूद कुट्टू का आटा जब्त कर लिया गया। श्री सिंह ने बताया कि मिलावटी कुट्टू का आटा सहारनपुर से सप्लाई होता था।

दूषित कुट्टू के आटे से अस्पतालों में भर्ती मरीजों के प्रकरण की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। ये जानकारी देते हुए एफडीए के आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि यह समिति तीन दिन के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे खाद्य उत्पादों की खरीद में सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

कुट्टू का आटा–2

एफडीए की टीमों ने सभी 13 जिलों में अब तक पंद्रह सौ से अधिक दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 100 से अधिक सैंपल लिए गए और दो दर्जन से अधिक दुकानों को नोटिस दिए गये।

डॉ. कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत छापेमारी अभियान चलाया गया। राज्य के सभी जनपदों में दूषित कुट्टू के आटे की जांच की गई। आयुक्त ने कहा मिलावटखोरों से सख्ती से निपटेंगे। मिलावटखोरी के खिलाफ जनता को भी जागरूक किया जा रहा है।

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि विभाग ने यह स्पष्ट किया कि उन दुकानदारों को कड़ी सजा दी जाएगी, जो मिलावट में शामिल पाए जाएंगे। विभाग ने दुकानदारों से शुद्ध सामग्री बेचने की अपील की और कहा कि किसी भी हाल में मिलावट करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

ओण दिवस का आयोजन

वनाग्नि सुरक्षा के मद्देनजर जंगलों को आग से बचाने के लिए अल्मोड़ा के हवालबाग विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज रेंगाल में चौथे ओण दिवस का आयोजन किया गया। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और स्याही देवी विकास समिति की ओर से आयोजित ओण दिवस का उद्घाटन यूकोस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने किया। इस अवसर पर डॉ. पंत ने कहा कि वनों को आग से बचाने का शीतलाखेत मॉडल पूरे प्रदेश के लिए आदर्श मॉडल बन गया है और इसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

कार्यक्रम में जल स्रोतों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए वनाग्नि नियंत्रण पर जनसहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने वनों को आग से बचाने के लिए प्रभावी वन अग्नि प्रबंधन उपायों पर चर्चा की। साथ ही भविष्य में आग को रोकने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई।

पोर्टल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल को नीति आयोग ने नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च के सहयोग से विकसित किया है। यह पोर्टल लगभग 30 वर्षों की अवधि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों, शोध रिपोर्टों, पत्रों और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ टिप्पणियों पर डेटा का एक व्यापक भंडार है। यह मैक्रो, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक–आर्थिक रुझानों को समझने में मदद करेगा और एक ही स्थान पर समेकित क्षेत्रीय डेटा की मौजूदा ज़रूरत को पूरा करेगा। यह पोर्टल नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य लोगों को सूचित बहस और चर्चाओं के लिए डेटा का संदर्भ देने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

वक्फ पर आर–पार का दिन आजः नवोदय टाइम्स की आज की सुर्खी। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– वक्फ बिल लोकसभा में आज होगा पेश, विपक्ष ने भी की किलेबंदी।

प्रदेश सरकार के तीन साल पूरे होने पर हिन्दुस्तान और अमर उजाला समाचार पत्र लिखता है– प्रधानमंत्री ने की धामी सरकार की सराहना। आगे खबर में हिन्दुस्तान लिखता है– प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को भेजे पत्र में मुख्यमंत्री धामी को कर्मठ व ऊर्जावान बताया।

राजधानी देहरादून और हरिद्वार में कुट्टू के आटे से फूड प्वाइजनिंग के मामले सामने आने के बाद खाद्य दुकानों पर स्वास्थ्य विभाग की निरीक्षण की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– पंद्रह सौ से अधिक दुकानों पर छापेमारी।